## 12. वाक्य

हिंदी व्याकरण में वाक्य का विशेष महत्त्व है। शब्दों के सही और व्यवस्थित क्रम में जुड़ने पर एक सार्थक वाक्य की रचना होती है।

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका पाठ पृष्ठ 86 पर चित्र दिखाकर बच्चों से वाक्य पढ़वाएँ। उन्हें बताएँ कि वाक्य शब्दों का समूह होता है।
- ❖ कक्षा के तीन बच्चों को बादल, सूरज और इंद्रधनुष के वाक्य बोलने के लिए खड़ा किया जा सकता है। इससे बच्चों की पाठ के प्रति रोचकता को बढ़ाया जा सकता है।
- ❖ वाक्य की परिभाषा याद करवाकर बच्चों से सुनें।
- ❖ पृष्ठ 87 पर चित्र दिखाकर उनके नीचे लिखे वाक्य पढ़ने को कहें।
- ❖ बच्चों को वाक्य के अंगों के बारे में बताएँ।
- ❖ उन्हें उद्‌देश्य और विधेय की परिभाषा याद करवाएँ। साथ में पृष्ठ 87-88 पर दिए वाक्य पढ़वाएँ।
- ❖ श्यामपट्ट पर कुछ वाक्य लिखकर बच्चों से उनमें उद्‌देश्य और विधेय की पहचान करवाएँ।
- ❖ दिया गया अभ्यास करवाएँ।